प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 19.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए पहले "यशस्विनी" जागरूकता अभियान का आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केंद्रीय एमएसएमई राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे, प्रदेश के उद्योग राज्यमंत्री के. के. विश्नोई और केंद्र और राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। कार्यक्रम में 600 से ज्यादा महिला उद्यमी, विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, सूक्ष्म अनौपचारिक उद्यमी, कारीगर और भावी महिला उद्यमी भाग ले रही है।

00000

कोटा के ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को लेकर आज राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच एमओयू होगा। जयपुर के सीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में ये समझौता होगा। कोटा शहर के निकट शंभूपुरा में 439 हैक्टेयर में नया एयरपोर्ट बनाया जायेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पिछले दिनों दिल्ली में इस ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक ली थी।

00000

करौली आज अपना स्थापना दिवस मना रहा हैं। इस अवसर पर कई कार्यकम आयोजित किये जा रहे है। आज सुबह माथुर स्टेडियम से रन फोर करौली का आयोजन हुआ, जिसे जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सूचना केन्द्र में चित्रकला प्रतियोगिता के साथ ही रक्तदान शिविर भी लगाया गया है। वहीं टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यकम भी आयोजित किये जा रहे हैं। शाम को मदन मोहन जी मंदिर में महाआरती के साथ भजन संध्या का भी आयोजन किया जायेगा। इससे पहले कल शाम रनगबां तालाब पर दीपदान का आयोजन किया गया। वहीं करौली के विकास को लेकर एक संगोष्ठी भी रखी गई।

00000

जैसलमेर में गोडावण संरक्षण के लिए आवारा श्वान नियंत्रण और रेबीज रोधी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। पोकरण तहसील में चल रहे अभियान के तहत श्वानों को एंटी रेबीज वेक्सिन दी जा रही है। पोकरण के रामदेवरा में स्थित गोडावण प्रजनन केंद्र के पास गोडावण संरक्षण के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से श्वान नियंत्रण की मांग की गई है। इसके बाद रामदेवरा और आस पास के क्षेत्र में श्वान नियंत्रण का कार्य किया जा रहा है।

0000

वन और पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने आज कानोता के वन विभाग कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस मौके पर बस्सी के क्षेत्रीय वन अधिकारी और वनकर्मी मौजूद रहे।

0000

भरतपुर के बयाना और नदबई क्षेत्र में खेत पर काम करते समय करंट की चपेट में आने से एक महिला और एक पुरुष किसान की मौत हो गई। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। बयाना के अरौदा गांव में एक किसान और उसका भाई खेत पर बोरिंग के बिजली कनेक्शन का फ्यूज जोड रहे थे कि अचानक करंट लगने से एक की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को चिकित्सकों ने जयपुर रैफर किया। वहीं नदबई के बझेरा में खेत पर काम करते समय एक महिला बिजली की मोटर की चपेट में आ गई जिसे आरबीएम अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

0000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम बारिश हुई। वहीं बाड़मेर जिले में कहीं–कहीं भारी बरसात दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में बाड़मेर के बालोतरा में सबसे ज्यादा 97 मिलीमीटर बारिश हुई और पूर्वी राजस्थान में सबसे ज्यादा 62 मिलीमीटर बारिश राजसमंद के आमेट में दर्ज की गई। इनके अलावा अजमेर, टोंक, भरतपुर, अलवर, सिरोही, बूंदी, जयपुर, कोटा, भीलवाडा, बारां, चित्तौडगढ, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, झालावाड़, नागौर, पाली, जालैर, जैसलमेर में भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। इस बीच कुछ स्थानों पर दिन का पारा 40 डिग्री से उपर मापा गया। सबसे ज्यादा 42 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान फलौदी में दर्ज हुआ। इसके अलावा सीकर के फतेहपुर, जैसलमेर, बीकानेर, चूरू और श्रीगंगानगर में भी अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आस–पास रिकॉर्ड किया गया।

0000